## एक नजर में

### आचार्य कुमुदनन्दि और साधु-संतों के दर्शन कर लिया आशीर्वाद

**सनावद, निप्र।** पूज्य जैन आचार्य श्री कुमुदनन्दि जी महाराज एवं आचार्य श्री विप्रणत सागर महाराज तथा आर्यिका आगम मती माताजी के दर्शन करने तथा प्रवचनों का लाभ लेने के लिए दर्शनार्थियों का आसपास के क्षेत्रों से आगमन हो रहा है। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्रियम जैन ने बताया कि बुरहानपुर से आये अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन विद्वत परिषद के उपाध्यक्ष डॉ सुरेन्द्र जैन भारती, पवन ठोले सहित अनेक श्रद्धालुओं ने मुनिराजो के दर्शन कर पुण्य लाभ लिया तथा पार्श्व ज्योति मंच के अध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र जैन भारती, मुकेश जैन लविश पाटनी तथा नरेन्द्र पंचोलिया ने तत्वचर्चा की। डॉ . सुरेन्द्र भारती ने परिषद के कार्यों हेतु मार्गदर्शन लिया। समाजसेवी राजेन्द्र मंत्री, बसंत पंचोलिया, सलित जैन, अचिंत्य जैन ने चरण वंदना की। सोमवार को आचार्य श्री कुमुदनन्दि महाराज ने सुनील पंचोलिया, आचार्य श्री विप्रणत सागर जी तथा आर्यिका आगम मती माता जी ने नवधा भक्ति पूर्वक वीरेन्द्र मुंशी के निवास पर आहार ग्रहण किया। आचार्य श्री विप्रणत सागरजी की संत निवास में धर्म देशना हुई।



### नवागत सचिव ने संभाला ग्राम पंचायत का पदभार जिला पंचायत से रविवार रात्रि में निकला आदेश

**गोगावा, निप्र।** मुख्यालय की ग्राम पंचायत लंबे समय से सचिव विहीन चल रही थी इसको लेकर नवभारत अखबार ने सोमवार इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा ग्राम पंचायत के सचिव लंबे समय से छुट्टी पर विकास कार्य ठप्प ग्रामीण हो रहे परेशान ,। जिसका असर होने से जिला पंचायत के एक आदेश से गोगावा ग्रामपंचायत में सोमवार 16मार्च को नवागत सचिव बलिराम यादव ने पदभार सम्हाल लिया है सोमवार को ही जिला पंचायत ने एक आदेश में नए सचिव की पदस्थापना कर ग्राम पंचायत के रुके कार्यो के साथ ही स्वच्छता अभियान को पलीता न लग सकेगा। उल्लेखनीय है कि वर्तमान सचिव हेमंतसीह तंवर का स्वास्थ्य खराब होने के चलते इन्होंने अवकाश ले लिया था वही ग्राम पंचायत के कई काम बिना सचिव के रुक रहे थे इससे ग्रामीणों के भी काम नहीं हो रहे थे अब नवागत सचिव के पदभार ग्रहण करने के साथ ही समस्त कार्यों को गति मिलने की संभावना ग्रामीणों द्वारा जताई जा रही है।



### नगर आगमन के लिए श्रीफल किया समर्पित

**सनावद, निप्र।** नगर में निरंतर संतो का आगमन होंरहा है इसी क्रम में नगर आगमन हेतु आचार्य श्री आर्जवसागर जी के शिष्य मुनि श्री विशोधसागर जी का मंगल विहार खण्डवा से सनावद की ओर चल रहा है। इसी क्रम में सनावद नगर से मुनि सेवा समिति अध्यक्ष मुकेश जैन, सन्मति जैन काका, अखिलेश घाटे, प्रशांत चौधरी, सुधीर जैन, सोनू जैन ने मुनि श्री की रोशिया पहुंच कर श्रीफल समर्पित कर नगर आगमन हेतु निवेदन किया रात्रि विश्राम दौडवा में होगा। एवं दिनाँक 17 मार्च को सुबह दौडवा से चल कर बासवा में रात्री विश्राम कर 18 मार्च को प्रातः नगर आगमन होगा।



### 'महादेव ने मुझे बुलाया है' एकांकी और मिलन जंक्शन की हुई प्रस्तुति

**महेश्वर, निप्र।** रविवार को नगर के नर्मदा भवन में लोक गुंजन नाट्य संस्था के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय समारोह की अंतिम शाम को भोपाल के कलाकारों ने नाटक मिलन- जंक्शन की शानदार प्रस्तुति दी। वहीं मां अहिल्या के विचारों को समर्पित एकांकी नाटक 'महादेव ने मुझे बुलाया है' की प्रस्तुति नन्ही बालिका केनी पाटीदार द्वारा दी गई। इस अवसर पर विशेष अतिथि महेश्वर भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल , नगर व्यापारी संघ उपाध्यक्ष के.के. पुरोहित तथा महाराज शिवाजी राव होलकर के प्रतिनिधि पुष्पराज ठाकुर उपस्थित थे। लोक गुंजन नाट्य संस्था के सदस्य रंगकर्मी प्रवीण चौबे द्वारा अतिथियों का पुष्पमालाओं से स्वागत करने के पश्चात स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए सम्मानित किया गया तत्पश्चात पूर्व रंग के तहत 7 वर्षीय कैनी पाटीदार ने महादेव ने बुलाया है शीर्षक पर आधारित एकांकी नाटक पर अभिनय प्रस्तुत किया दूसरे चरण में नितिन रोहर द्वारा लिखित नाटक मिलन जंक्शन की प्रस्तुति हुई इस नाटक के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों, धन कमाने की लालच, हल्की मानसिकता तथा विभिन्न कुरीतियों पर कुठाराघात करते हुए नारी शिक्षा और नारी सम्मान का संदेश दिया गया। अतिथियों का स्वागत सचिन शर्मा नगर परिषद उपाध्यक्ष ,कृष्ण लाल विश्वकर्मा , अमन शर्मा द्वारा किया गया।



**महादेव ने मुझे बुलाया है :-** 7 वर्ष बालिका केनी पाटीदार ने मातुश्री अहिल्याबाई का स्वाग धारण करते हुए अहिल्याबाई के महेश्वर आने के एक प्रश्न का जवाब महादेव से प्राप्त होने के बाद महेश्वर नगरी तथा देश भर में विभिन्न धार्मिक और सामाजिक कार्यों की शुरुआत किए का संदेश दिया गया वहीं एकांकी नाटक के दौरान माता अहिल्या अपने जनहित और राज्य उत्तराधिकारी जैसे निर्णय भगवान शिव की प्रेरणा से किए गए यह संदेश भी दिया गया। प्रस्तुति के दौरान माता अहिल्या की शिव भक्ति के साथ उनके द्वारा समाज सेवा, दीन दुखियों की सेवा और शिवालयों , मठ मंदिर, धर्मशालाएं ,कुवे , बावड़ियों की स्थापना जैसे सामाजिक संदेश भी दिए गए। एकांकी लेखन- परिकल्पना तथा निर्देशन रंगकर्मी कृष्ण लाल विश्वकर्मा द्वारा किया गया।

### पोरवाड़ सहायक फंड की बड़वाह टीम का विस्तार, युवा नेतृत्व के रूप में अखिलेश जैन को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**बड़वाह, निप्र।** जैन समाज की प्रतिष्ठित सेवा संस्था पोरवाड़ सहायक फंड (PSF) ने अपनी संगठनात्मक मजबूती और सामाजिक पहुँच को बढ़ाने के उद्देश्य से बड़वाह इकाई की 'सपोर्टर्स टीम' में महत्वपूर्ण नियुक्ति की है। संस्था और समर्थकों की टीम के वरिष्ठ पदाधिकारियों की सहमति से बड़वाह के युवा एवं कर्मठ समाजसेवी श्री अखिलेश जैन (बड़वेल) को टीम का अधिकृत सदस्य (सपोर्टर) नियुक्त किया गया है।




**समर्पण और अनुभव का मेल :-** श्री अखिलेश जैन पिछले वर्षों से पोरवाड़ सहायक फंड के साथ एक वॉलंटियर के रूप में जुड़े हुए हैं। इस अवधि के दौरान उन्होंने जैन समाज के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों, विशेषकर शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में सहायता पहुँचाने में अग्रणी भूमिका निभाई है। उनके इसी निरंतर समर्पण और सकारात्मक दृष्टिकोण को देखते हुए संस्था ने उन्हें अब औपचारिक रूप से जिम्मेदारी सौंपी है।




**टीम की मजबूती और भविष्य के लक्ष्य :-** इस नियुक्ति पर पोरवाड़ सहायक फंड समर्थकों की टीम के राष्ट्रीय प्रतिनिधि और समर्थक डेविड जैन (इन्दौर) ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, 'अखिलेश जी एक गतिशील (Dynamic) व्यक्तित्व के धनी हैं। उनकी नियुक्ति से हमारी बड़वाह टीम को नई ऊर्जा मिलेगी। हमारा लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुँचाना है, और हमें विश्वास है कि अखिलेश जी संस्था के विजन, मिशन और उद्देश्यों को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाएंगे।'

# अनुशासित कार्यकर्ताओं से मजबूत हो रहा संगठन : पटेल

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के समापन में बोले सांसद

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** भारतीय जनता पार्टी का भीकनगांव के पूर्वी एवं पश्चिम मंडल में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान. वर्ग का सोमवार को समापन हुआ। दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में विभिन्न सत्रों में पार्टी के वक्ताओं ने संगठन विस्तार, बूथ प्रबंधन, सोशल मीडिया तथा सरकार की उपलब्धियों पर कार्यकर्ताओं को विस्तृत प्रशिक्षण दिया।




समापन सत्र में सांसद गजेंद्र पटेल ने संगठन विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण विषय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन का विस्तार केवल सत्ता प्राप्ति के लिए नहीं, बल्कि समाज में राष्ट्र चेतना जागृत करने के लिए किया जाता है। भारतीय जनता पार्टी का संगठन समर्पित और अनुशासित कार्यकर्ताओं के बल पर निरंतर मजबूत हो रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच बनाकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे ने कहा कि वर्ग में वक्ताओं ने वैचारिक प्रतिबद्धता व जनसेवा के संकल्प को और दृढ़ किया। समापन सत्र में निमाड़ संभाग प्रशिक्षण प्रभारी ओम सोनी, निमाड़ संभाग प्रशिक्षण प्रभारी कल्याण अग्रवाल, सह प्रभारी ओम सोनी ने कहा भाजपा संगठन में प्रशिक्षण एक सतत प्रक्रिया है, जिनमें लगातार सीखने, आत्ममंथन करने व जनसेवा हेतु सदैव समर्पित रहने के साथ ही सैद्धांतिक और व्यवहारिक विषयों पर समय-समय पर अपेक्षित कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण होता है। इसी कार्यपद्धति से ही भाजपा अन्य सभी राजनीतिक दलों से अलग है। प्रशिक्षण वर्ग जिला संयोजक श्रीमती शालीनी रतोरिया ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और एकात्म मानववाद के सिद्धांत आज भी भारतीय राजनीति के लिए मार्गदर्शक हैं। बूथ प्रबंध और मन की बात विषय पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष मांगीलाल गाड़गे ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठन की नीतियों और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं तथा बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य करें। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कांतिलाल कर्मा ने बताया प्रशिक्षण के दौरान अपेक्षित कार्यकर्ताओं ने रात्रिकालीन विश्राम प्रशिक्षण स्थल पर ही किया।

### द्वितीय सत्र की शुरुआत खेल और योगाभ्यास से की

समापन सत्र में ऑनलाईन पंजीयन कराने वाले कार्यकर्ताओं की ऑनलाईन परीक्षा भी हुई, जिसमें प्रशिक्षण के सत्र से संबंधित सवाल पूछे गए। समापन के दौरान भाजपा जिला कार्यालय मंत्री विजय पटेल, वर्ग सह- संयोजक दिलीप जोशी, जिला मंत्री सचिन सगर, कोषाध्यक्ष भीमसिंह जाधव, मंडल प्रभारी प्रभात पंडित, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह तंवर, मंडल अध्यक्ष सेवकराम बिरला आदि मौजूद रहे।

# इंदिरा सागर परियोजना की मुख्य नहर में अप्रैल तक करें निर्बाध पानी प्रवाह : सचिन यादव

**खरगोन, निप्र।** क्षेत्र के किसानों एवं ग्रामीणों की पेयजल आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विधायक सचिन यादव ने नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, नहरें, सनावद जिला खरगोन के मुख्य अभियंता को पत्र लिखकर इंदिरा सागर परियोजना की मुख्य नहरों में 15 मार्च 2026 से अप्रैल 2026 तक निर्बाध रूप से पानी छोड़े जाने की मांग की है।



विधायक सचिन यादव ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि बलकवाड़ा एवं चोंडी अंदड सिंचाई परियोजनाओं की कुछ पाइप लाइनों की टेस्टिंग अभी तक नही होने से किसानो को इसका लाभ नही मिल पा रहा है । पाईप लाइनो की टेस्टिंग के लिए इंदिरा सागर परियोजना की मुख्य नहरों में सतत जल प्रवाह आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में ग्रीष्म ऋतु प्रारंभ हो चुकी है, ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक हो गया है। पत्र में यह भी आग्रह किया गया है कि परियोजना के कमांड क्षेत्र में आने वाले सभी तालाबों एवं जलाशयों को यथासंभव भरने की कार्यवाही की जाए, ताकि क्षेत्र के ग्रामीणों को गर्मी के मौसम में पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सके और जल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो। विधायक सचिन यादव ने किसानों की आवश्यकताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि क्षेत्र में किसानों द्वारा गर्मी के मौसम मे मूंग उडद सहित विभिन्न सब्जी फसलों की बोवनी की जाती है। इन फसलों की सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराया जाना जरूरी है, जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। विधायक सचिन यादव ने संबंधित विभाग से आग्रह किया है कि किसानों और ग्रामीणों के हितों को ध्यान में रखते हुए इंदिरा सागर परियोजना की मुख्य नहरों में 15 मार्च 2026 से अप्रैल 2026 तक निर्बाध रूप से पानी छोड़ा जाए।

# जैविक खेती नशे से दूर रहने की दी सीख

**बड़वाह, निप्र।** नगर सनावद में जिला समन्वयक विजय शर्मा के निर्देश अनुसार एक दिवसीय ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

आयोजन नवांकुर संस्था -संत सियाराम सोशल फाउंडेशन की प्रस्फुटन समितियों के सहयोग से 15 मार्च को सनावद वार्ड 16 में किया गया, जिसमें समिति सदस्यों व नवांकुर सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विकासखंड समन्वयक धर्मेंद्र गुप्ता उपस्थित रहे।

उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी देते हुए प्रस्फुटन समितियों की भूमिका, ग्राम विकास की योजनाओं, आजीविका संवर्धन तथा समाज में उनकी जिम्मेदारियों के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर नवांकुर संस्था की अध्यक्ष रंजना पटेल ने समितियो को अपने रिकार्ड संधारण, ठहराव प्रस्ताव पंजी, सदस्य पंजी, केशबुक, तथा कार्यक्रम आयोजन पंजी का संधारण करने के तरिके बताएं।



### सभी को मिले शिक्षा कोई नहीं रहे वंचित

विभिन्न विषयों, नशा मुक्ति, पर्यावरण जागरूकता, जैविक खेती, वन रोपणी पर बताया। मेंटर जितेंद्र ने शिक्षा का महत्व पर बताया कि गांव में कोई भी बालक बालिका शिक्षा से वंचित ना रहे। समिति सदस्यों को सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। राजपाल पावर जी ने विचार व्यक्त करते हुए ग्रामीण विकास, आत्मनिर्भरता एवं सामुदा यिक भागीदारी के महत्व पर यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्राम स्तर पर विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने और समितियों की क्षमता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। समाज सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं नवांकुर संस्था कोषध्यक्ष श्री सियाराम जी बिरला ने जैविक खेती के बारे में जानकारी दी उपस्थित,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अनिल कदम राजपाल पवार रश्मि पाटीदार जितेन पटेल कुणाल अखिलेश अंजना, राम पुनासिया सहित करीब दो दर्जन को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# कसरावद पुलिस ने जेआईटी बोरावां रिहायसी परिसर में हुई नकबजनी की घटना का किया खुलासा

**कसरावद, निप्र।** पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन (ग्रामीण) अनुराग के द्वारा सम्पत्ति संबंधी अपराधों में अधिक से अधिक मश्रुका बरामद करने के लिए निर्देशित किया गया था। जिसके परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन रविन्द्र वर्मा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) शकुंतला रुहल जिला खरगोन के द्वारा जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) व थाना प्रभारियों को सम्पत्ति संबंधी अपराधों में अधिक से अधिक मश्रुका बरामद करने एवं त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था।



निर्देशों के परिपालन में एसडीओपी, श्वेता शुक्ला अनुभाग मण्डलेश्वर के मार्गदर्शन में निरीक्षक राजेन्द्र बर्मन थाना प्रभारी कसरावद को जेआईटी कॉलेज बोरावां रिहायसी परिसर में हुई नकबजनी में बड़ी सफलता हासिल हुई है। घटना का संक्षिप्त विवरण: फरियादी अशोक पिता रामदास निवासी वरूड़ कानडी थाना सारंगखेड़ा जिला नन्दूरबार महाराष्ट हाल मुकाम जे आईटी कॉलेज परिसर बोरावा ने पुलिस थाना कसरावद पर सूचित किया कि घटना दिनांक 23.02.26 और 24.02.26 की मध्य रात्रि में किसी अज्ञात चोर बदमाशों के द्वारा जेआईटी कॉलेज बोरावां रिहायसी परिसर में बने फरियादी के मकान एवं पडोसी आशिष पिता राजेन्द्र सेंदनकर निवासी निसपुर जिला धार हाल बोरांवा कॉलेज के मकान का ताला तोडकर घर में रखे सोने व चांदी के आभूषण तथा नगदी चोरी कर ले गये। प्राप्त सूचना पर से थाना कसरावद में अपराध क्रमांक 74/26 धारा 331(1), 305(डु) बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान अज्ञात आरोपियों की तलाश पतारसी की जा रही थी तथा घटना स्थल के आसपास के प्रमुख स्थानों एवं रास्तों का सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया, किन्तु ठोस जानकारी प्राप्त नहीं हुई बाद आरोपियों की तलाश पतारसी के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी महेश उर्फ नानका पिता जोहरसिंह बघेल जाति भील उम्र 24 वर्ष निवासी बडी कदवाल थाना बोरी जिला अलीराजपुर को अभिरक्षा में लिया गया। जिसका पुलिस रिमाण्ड माननीय जेएमएफसी न्यायालय कसरावद से प्राप्त कर घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ करने पर घटना अपने तीन अन्य साथी बारम, विनोद व शंकर निवासी ग्राम गुराडिया जिला धार के साथ मिलकर घटना करना स्वीकार किया बाद आरोपी महेश की निसांदेही से चोरी गया मशरुका सोने के आभूषण 02 सोने की अंगूठी, 02 सोने के टॉप्स बडे, 02 सोने के टॉप्स छोटे, मंगलसूत्र के सोने के 02 नग पैण्डल व सोने के मोती 10 नग कुल कीमत 2,25,000 रुपए को बरामद किया गया बाद आरोपी महेश को गिरफ्तार किया गया जिन्हे बाद कार्यवाही के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। शेष फरार आरोपी बारम, विनोद व शंकर की तलाश जारी है।

**ये आरोपी किए गिरफ्तार :-** महेश उर्फ नानका पिता जोहरसिंह बघेल जाति भील उम्र 24 वर्ष निवासी बडी कदवाल थाना बोरी जिला अलीराजपुर

**बरामद सामान :-** 02 सोने की अंगूठी, 02 सोने के टॉप्स बडे, 02 सोने के टॉप्स छोटे, मंगलसूत्र के सोने के 02 नग पैण्डल व सोने के मोती 10 नग कुल कीमत 2,25,000 रुपए।

# नि :शुल्क ब्यूटीशियन सेमीनार का आयोजन




**सनावद, निप्र।** नगर की जानीमानी सौंदर्य विशेषज्ञ रचना गिरी के मार्गदर्शन में नि:शुल्क मेकअप सेमीनार का आयोजन किया गया। सेमीनार में बालिकाओं एवं युवतियों को मेकअप का प्रशिक्षण दिया गया और मेकअप सामग्री के उपयोग की जानकारी दी गई।

रचना गिरी ने कहा कि सेमीनार का उद्देश्य बालिकाओं और युवतियों को ब्यूटीशियन व्यवसाय और रोजगार के लिए प्रशिक्षित करना है। इस दौरान सौंदर्य प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। अतिथि नपाध्यक्ष सुनीता बिर्ला, अमिता मंत्री, दीप्ति बंसल, दीपिका वर्मा, रेखा जैन, उमा पाटीदार एवं रचना जैन ने प्रतियोगिता की विजेता प्रतिभागियों रूपाली सवनेर (प्रथम), राधिका पाटील (द्वितीय ) और अंजली पंवार (तृतीय) को पुरस्कृत किया। अतिथियों ने रचना गिरी द्वारा प्रशिक्षित 40 बालिकाओं और युवतियों को सम्मानित कर प्रमाणपत्र वितरित किए। रचना गिरी ने बताया कि सेमीनार में लकी ड्रा की तीन विजेता प्रतिभागियों को ब्यूटी शियन का नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बालिकाएं एवं युवतियां उपस्थित थीं।

**एक नजर में** — विधायक सचिन बिरला ने किया अग्निकांड प्रभावित खेतों का निरीक्षण

# विद्युत अधिकारियों की लापरवाही पर फूटा पीड़ित किसानों का गुस्सा

नवभारत न्यूज

**सनावद, निप्र।** विद्युत अधिकारियों की घोर लापरवाही और निष्क्रियता के कारण सनावद एवं बेड़िया क्षेत्र के खेतों में भीषण आग लगने के कारण लाखों रु की गेहूं की खड़ी फसलें जल कर राख हो गईं।



खतरनाक ढंग से झूलते विद्युत तारों एवं क्षतिग्रस्त विद्युत पोल के कारण लाइन फाल्ट की वजह से खेतों में लगी आग से 6 ग्रामों रुपखेड़ा, गवल, कालबरड़, रावेरखेड़ी, भोगावां सिपानी और बड़गांव टाकली की लगभग 40 एकड़ भूमि में गेहूं की पकी फसल जल कर स्वाहा हो गई। विद्युत मंडल की लापरवाही से अग्निकांड के शिकार किसानों में विद्युत मंडल के अधिकारियों और विद्युत सुपरवाइजरों के खिलाफ गहरा आक्रोश व्याप्त है। विधायक सचिन बिरला ने सोमवार को एसडीएम सत्यनारायण दर्रो,तहसीलदार केसिया सोलंकी, नायब तहसीलदार प्रवीण सिंह, कृषि विस्तार अधिकारी बीएस सेंगर और विद्युत मंडल के कार्यपालन यंत्री अलिंद देशपांडे के साथ अग्निकांड पीड़ित सभी किसानों के खेतों का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान किसानों ने विधायक को खेतों में खतरनाक ढंग से झूलते तार और क्षतिग्रस्त विद्युत पोल दिखाए। किसानों ने बताया कि समय पर बिजली बिलों के भुगतान के बावजूद विद्युत मंडल के अधिकारी किसानों की विद्युत समस्याओं के समाधान के प्रति आँखें मूंदे बैठे हैं। यदि विद्युत मंडल समय-समय पर विद्युत तारों और विद्युत पोल के रखरखाव का कार्य करता तो अग्निकांड की घटनाएं घटित नहीं होतीं और किसानों की मेहनत से लगी फसलें नष्ट नहीं होतीं। किसानों ने बताया कि खेतों में खतरनाक ढंग से झूलते विद्युत तार हवा में टकराते हैं और फिर फाल्ट होने के कारण निकली चिंगारियों से खेतों में आग लग जाती है। किसानों ने विद्युत मंडल को अनेक बार झूलते तारों के खतरों से अवगत कराया। लेकिन विद्युत मंडल के जिम्मेदार अधिकारी निष्क्रिय बने रहे। अग्निकांड पीड़ित किसानों ने विधायक से शासन की ओर से पर्याप्त मुआवजा दिलाने की मांग की और बड़ूद तथा कानापुर विद्युत ग्रिडों के सुपरवाइजर कुंदन भंवर और रवि शुक्ला पर लापरवाही,अवैध वसूली और दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए दोनों को तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की। विधायक ने अग्निकांड से पीड़ित प्रत्येक किसान से विस्तारपूर्वक चर्चा की और किसानों को हुए नुकसान पर गहरा दु:ख व्यक्त किया और किसानों को सांत्वना दी। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार पीड़ित किसानों के साथ है और किसानों को अधिक से अधिक मुआवजा दिलाने के प्रति आश्वस्त किया। विधायक ने पीड़ित किसानों की मुआवजा और विद्युत सुधार संबंधी मांगों से सहमति व्यक्त करते हुए एसडीएम, तहसीलदार और पटवारी को अग्निकांड पीड़ित किसानों को हुई हानि का मुआवजा प्रकरण शीघ्र बनाने और पर्याप्त मुआवजा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस संबंध में विधायक ने जिला कलेक्टर से भी दूरभाष पर चर्चा की ।